प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

11.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल्याणकारी विकास के प्रति दोहराई केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–आत्मनिर्भर हिमाचल के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–केन्द्रीय योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू नहीं कर रही है प्रदेश सरकार।
- प्रदेश वासियों को एक दिन और झेलनी होगी जोरदार गर्मी–13 जून से राहत की उम्मीद।

प्रधानमंत्री – सामाजिक सुरक्षा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कल्याण केन्द्रित विकास के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता जताई। इससे विभिन्न जन–हितैषी योजनाएं प्रत्येक नागरिकों तक पहुंचेंगी। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के आंकड़ों के अनुसार, भारत का सामाजिक सुरक्षा कवरेज 2015 में 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64 दशमलव 3 प्रतिशत हो गया है। श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा साझा की गई एक सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए नरेन्द्र मोदी ने इन पहलों की प्रभावशीलता और पहुंच में सराहनीय वृद्धि की प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि आत्मनिर्भर हिमाचल के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में कहा कि सरकार आत्मनिर्भर और समृद्ध हिमाचल के संकल्प के साथ काम कर रही है। इसके लिए बीते अढ़ाई वर्षों में कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। इनमें प्राकृतिक खेती से उगाए गए जैविक उत्पादों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रमुख है। हिमाचल ये कदम उठाने वाला देश का पहला राज्य है।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के विस्तार के लिए 2 सौ करोड़ रूपए की एक सौ 44 परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। इन सड़कों के बन जाने से इस क्षेत्र में सड़क सम्पर्क और सुदृढ़ होगा। कुलदीप सिंह पठानिया आज भटियात की ग्राम पंचायत साढल के रताड़ी गांव में रविदास सभा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने इस मौके पर लोगों को संत रविदास और कबीर की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का आहवान किया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान लोगों की समस्याएं भी सुनीं और अधिकांश का मौके पर ही निपटारा किया।

विक्रमादित्य सिंह

पूर्व मुख्यमंत्री व आधुनिक हिमाचल के निर्माता स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का 23 जून को शिमला के रिज मैदान पर स्थित दौलत सिंह पार्क में अनावरण किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ये एक गैर राजनीतिक कार्यक्रम है और इसमें मुख्यमंत्री, कांग्रेस के केन्द्रीय नेताओं और विपक्ष के नेताओं को निमंत्रण दिया गया है। उन्होंने प्रदेश वासियों से आग्रह किया है कि वे 23 जून को रिज मैदान पर पहुंच कर हिमाचल के विकास के लिए नया प्रण लें। स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि जुब्बल–कोटखाई–नावर विधानसभा क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। रोहित ठाकुर आज देवरीघाट और धार गांव में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जहां युवा पीढ़ी नशे और अन्य दुर्व्यसनों के जाल में जकड़ती जा रही है, ऐसे समय में खेल आयोजन युवाओं के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका

निभाते हैं और उन्हें नशे से बचाते हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि कुप्पड़ क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए गिरीगंगा से कुप्पड़ तक रोपवे निर्माण का सर्वे करवाया जा रहा है।

लोक लेखा समिति

प्रदेश विधानसभा की लोकलेखा समिति के सभापति अनिल शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सरकारी कार्यों में धन का सदुपयोग सुनिश्चित करें। आज चम्बा में समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं की डीपीआर बनाते समय योजनाओं की व्यावहारिकता, आवश्यकता और अन्य संभावित पहलुओं पर विशेष ध्यान देने को भी कहा। अनिल शर्मा ने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाए ताकि लम्बे समय तक लोगों को इन योजनाओं और कार्यों का लाभ मिलता रहे। समिति के सदस्य डॉक्टर हंसराज, जीतराम कटवाल, इन्द्र सिंह, डॉक्टर जनकराज, मलेन्द्र राजन और कैप्टन रंजीत सिंह राणा ने भी अपने विचार रखे।

युवक डूबे

चम्बा जिला की मंगला पंचायत की ओडरा खड्ड में नहाने गए दो युवकों की आज डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एक युवक का शव खड्ड से बरामद किया जबकि दूसरे युवक के शव की तलाश जारी है। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि प्रदेश सरकार न तो राज्य के लोगों के स्वास्थ्य को लेकर गम्भीर है और न ही केन्द्र सरकार की योजनाओं को गम्भीरता से लागू किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार केन्द्र द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय स्वास्थ्य जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम को राज्य में फेल करवाना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गर्भवती, नवजात और अजन्मे बच्चों से भी वसूली कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदेशवासियों का संवैधानिक हक है जिसे सुक्खू सरकार लगातार छीन रही है।

मौसम

देश के मैदानी इलाकों में पड़ रही भीषण गर्मी की तपिश हिमाचल के ठंडे पहाड़ों तक भी पहुंच गई है। राज्य के मैदानी जिलों ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, मण्डी, सोलन और सिरमौर जिलों में लोगों को जबरदस्त गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। शिमला में आज अधिकतम तापमान 28 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए राज्य के मैदानी जिलों में लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने कहा कि 13 से 15 जून तक प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर वर्षा होने और अंधड़ चलने की सम्भावना है।

त्रिलोक जम्वाल

भाजपा नेता व बिलासपुर से विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा है कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब कल्याण के लिए अद्वितीय काम किया है। जम्वाल ने आज कुल्लू में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि ये 11 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए जाने जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश एक नई उम्मीद के साथ आगे बढ़ा। जम्वाल ने कहा कि इन 11 वर्षों में देश ने फोरलेन, एन.एच, फाईव जी नेटवर्क, हवाई अड्डों और मैडिकल कॉलेजों का जाल बिछाया है। यही नहीं इस दौरान मोदी सरकार ने नौकरी पेशा लोगों को राहत देते हुए 12 लाख रूपए तक की आय को कर मुक्त कर दिया है।

जनकराज

पांगी व भरमौर के विधायक डॉक्टर जनकराज ने कहा है कि इस विधानसभा क्षेत्र में संचालित विभिन्न जलविद्युत परियोजनाओं के तहत अब तक लाडा और सीएसआर मद में किए गए विकास कार्यों का विशेष ऑडिट करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विधानसभा की लोक लेखा समिति ने

आदेश जारी किए हैं। डॉक्टर जनकराज ने कहा कि इस ऑडिट से अब भरमौर के हक का पैसा सिर्फ इसी विधानसभा क्षेत्र में खर्च होगा। उन्होंने कहा कि इस फैसले से स्थानीय जनता के साथ होने वाला अन्याय खत्म होगा।

भाजपा

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा है कि केन्द्र सरकार के बीते 11 साल के शासनकाल में हिमाचल को भरपूर मदद मिली है। कर्ण नंदा ने आज शिमला में कहा कि प्रदेश को हर वर्ष केन्द्र से 10 हजार करोड़ रूपए से अधिक की सहायता मिल रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार से प्रदेश को इस समय लगभग 46 योजनाओं के लिए पैसे आ रहे हैं। कर्ण नंदा ने ये भी कहा कि केन्द्र ने हिमाचल के साथ कभी भेदभाव नहीं किया है और इस संबंध में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हमेशा ही झूठ बोलते हैं।

शूलिनी मेला

राज्य स्तरीय शूलिनी मेला 20 से 22 जून तक आयोजित होगा। नगर निगम सोलन मेले की तैयारियों में जुट गया है और पूरे शहर को व्यवस्थित करने का काम जोरों पर है। मेले के दौरान आने वाले लोगों की सुविधा के लिए शहर की सड़कों को नया रूप दिया जा रहा है। नगर निगम महापौर उषा शर्मा ने आज शहर में मेले की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में मेले के दौरान साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान होगा।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल्याणकारी विकास के प्रति दोहराई केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–आत्मनिर्भर हिमाचल के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–केन्द्रीय योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू नहीं कर रही है प्रदेश सरकार।
- प्रदेश वासियों को एक दिन और झेलनी होगी जोरदार गर्मी–13 जून से राहत की उम्मीद।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं कल सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर। नमस्कार।